(c) Programme schedule are issued by Doordarshan 3 to 10 days in advance.

(d) It is the endeavour of Doordarshan to adhere to the announced schedule of programmes.

दूरदर्शन पर उर्दू कार्यक्रम

2426. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन के दिल्ली केन्द्र से प्रसारित होने वाले अधिकांश कार्यक्रमों के "उर्दू कार्यक्रम" में केवल साहित्यिक कार्यक्रम ही प्रसारित किए जाते हैं जबकि उनमें सामाजिक शैक्षिक और अन्य विषयों के कार्यक्रम "न" के बराबर होते हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार इस संबंध में क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) ये सवाल पैदा ही नहीं होते ।

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन

2427. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन कितने समाचार-पत्रों को दिये गये ; और

(ख) प्रत्येक भाषा के समाचार-पत्रों की संख्या कितनी-कितनी थी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन 24 समाचारपत्रों को दिए गए । भाषावार ब्यौरा नीचे दिया गया है :

1. अंग्रेजी	41
2. हिन्दी	73
3. उर्दू	37
4. पंजाबी	8
5. बंगला	11
6. असमियां	3
7. मणिपुरी	1
8. उड़िया	4
9. मराठी	13
10. गुजराती	13
11. सिन्धी	3
12. तमिल	17
13. तेलुगु	5
14. मलयालम	13
15. कन्नड़	3
कुल:	245

Microwave linkage to Ahmedabad and Rajkot

2428. SHRI VITHALBHAI M. PATEL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state·

(a) whether it is a fact that Government of Gujarat has requested the Central Government to establish microwave linkage to Ahmedabad and Rajkot with other Kendras of the State regional network;

(b) if so, he details thereof; and

(c) by what the linkage facilities through INSAT-I or INSAT-II would be available?